**Regarding grant of GI tag to Basmati rice produced in Madhya Pradesh and declare MSP for procurement of the rice-Laid**

श्री दर्शन सिंह चौधरी **(**होशंगाबाद**) :** होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में धान की उत्तम खेती होती है । यहां नर्मदा के कछार हैं, जिनमें बासमती की श्रेष्ठतम क्वालिटी की धान पैदा होती है । क्या मध्य प्रदेश के बासमती चावल को जीआई टैग मिल सकता है? इसके लिए सरकार ने क्या कदम उठाए है? क्या बासमती धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करते हुए खरीदी की व्यवस्था की जा सकती है?